हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 सीएमओ कार्यालय पर गरजीं आशा वर्कर्स

12 रनरअप आदित्य मेहता का ट्रॉफी देकर किया सम्मान


## खबर संक्षेप

### गांव मुकुंदपुर में अलग बस स्टैंड बनाने की मांग

**बहादुरगढ़।** गांव मुकुंदपुर के सरपंच सुमित छिकारा ने हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक को लिखित ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की परिवहन समस्या के निदान की मांग की। उनके अनुसार हरियाणा रोडवेज की बसें गांव मुकुंदपुर में नहीं रुकतीं और न ही टिकटों में गांव मुकुंदपुर का नाम दर्ज है। इस कारण ग्रामीणों को बहादुरगढ़ से कानोंदा गांव का टिकट लेकर यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अतिरिक्त किराया देना पड़ता है और समय भी व्यर्थ होता है। इसे देखते हुए गांव मुकुंदपुर के लिए अलग से बस स्टैंड बनाया जाए और बसों को नियमित रूप से रुकवाने के लिए स्थायी बस रूट मैप तैयार किया जाए। इस मौके पर पंडित मोहन खैरपुर, जितेंद्र बामड़ोली व विकास कानोंदा भी मौजूद रहे।

### महिलाओं को मिलेगा 5 लाख तक का ऋण

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक तौर पर सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं।

### आसौदा-मांडोठी मार्ग से बिजली के कंडक्टर चोरी

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा से रोहद सब-स्टेशन तक बिछाई जा रही 33 केवी बिजली लाइन के निर्माण कार्य के दौरान कंडक्टर चोरी का मामला सामने आया है। मांडोठी गांव से आसौदा गांव रोड के बीच 33 केवी लाइन के लगभग 15 स्पैन से करीब 2100 मीटर कंडक्टर चोरी हुए हैं। दरअसल, यह कार्य सेंचुरी इन्फ्रापावर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था, जिसका निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है। कंपनी प्रतिनिधि द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, यह चोरी 17 जनवरी की रात या 18 जनवरी की तड़के हुई है। कंडक्टर चोरी होने के कारण परियोजना प्रभावित हुई है। इससे पहले भी कई बार तार चोरी होने की वारदात हो चुकी है। वहीं, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध कॉलोनियों पर लें एक्शन : डीसी

**झज्जर।** मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी परिस्थिति में पनपने न दिया जाए। ऐसी कॉलोनियों की सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेते हुए अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया जाए। उन्होंने विभागों को सतत मॉनिटरिंग रखने और किसी भी ढिलाई पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

### 11 हजार से अधिक एग्री स्टैक फार्मर आईडी बनी

**बहादुरगढ़।** एग्री स्टैक फार्मर आईडी को लेकर किसानों में लगातार उत्साह देखने को मिल रहा है। बहादुरगढ़ उपमंडल के किसान बढ़-चढ़कर अपनी फार्मर आईडी बनवा रहे हैं। यहां अब तक 11 हजार से अधिक किसानों ने फार्मर आईडी जनरेट करवाई है। इससे वे कृषि से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान और सेवाओं का सीधा लाभ उठा सकेंगे। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि एग्री स्टैक फार्मर आईडी किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने सभी किसानों से आह्वान किया कि वे तय समय-सीमा के भीतर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं।

# आसौदा स्टेशन को ऑर्बिटल कॉरिडोर से जोड़कर बनाएं बड़ा रेलवे जंक्शन

» **मांग :** सीएम से मिली समिति ने कहा, 850 मीटर के दायरे में दो स्टेशनों का नहीं औचित्य

» **न्यू आसौदा** स्टेशन को मौजूदा आसौदा रेलवे स्टेशन से मर्ज कर आधुनिक जंक्शन बनाने की मांग

» **5 शहर और 23 गांव** नए प्रस्ताव को मंजूरी देने की कर रहे मांग, पूर्व सीएम खट्टर को भी दिया था प्रस्ताव


बहादुरगढ़। सीएम को मांगपत्र सौंपते समिति से जुड़े लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा ऑर्बिटल रेलवे कॉरिडोर पर प्रस्तावित न्यू आसौदा स्टेशन को मौजूदा आसौदा रेलवे स्टेशन से मर्ज कर आधुनिक जंक्शन बनाने की मांग लगातार उठ रही है। इसी सिलसिले में आसौदा गांव की समिति ने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर अपना पक्ष मजबूती से रखा।

समिति के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि ऑर्बिटल कॉरिडोर का कार्य तेजी से प्रगति पर है। न्यू आसौदा स्टेशन मौजूदा स्टेशन से लगभग 850 मीटर दूरी पर प्रस्तावित है। नया बनाने के बजाय दोनों स्टेशनों को मर्ज कर जंक्शन बनाया जाए। ऑर्बिटल कॉरिडोर वाले स्टेशन को आधुनिक तर्ज पर एलिवेटेड विकसित कर उसके नीचे ही वर्तमान स्टेशन को शिफ्ट किया जाए। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी इस सुझाव को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर भेजा था। समिति के सदस्य जिले सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 से इस मांग को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रस्ताव को आसपास के पांच शहरों और 23 गांवों का समर्थन प्राप्त है। स्टेशन के शिफ्ट होने से रोहतक, पलवल, सोनीपत और दिल्ली से आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रूट बदलने की परेशानी से भी राहत मिलेगी।

### दो स्टेशनों के रखरखाव का खर्च बचेगा

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने इसे आमजन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। वहीं युवा भाजपा नेता एडवोकेट ऋषि भारद्वाज ने कहा कि मौजूदा स्टेशन को शिफ्ट कर मर्जर करने से सरकार का खर्च भी बचेगा। एक किलोमीटर के दायरे में दो स्टेशनों के रखरखाव की बजाय एक ही आधुनिक जंक्शन बनाना अधिक व्यावहारिक है। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी तथ्यों का अध्ययन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर रोहतास जांगड़ा और पंडित दिलबाग भी मौजूद रहे।

### पंकज एनकाउंटर मामले में अहलावत 27 खाप प्रतिनिधियों को सीएम का आश्वासन

# सोनीपत पुलिस कमिश्नर ममता सिंह के नेतृत्व में एसआईटी करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल निवासी पंकज अहलावत एनकाउंटर मामले में अहलावत 27 खाप सहित करीब 21 अन्य खाप प्रतिनिधियों ने दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत करवाया। खाप प्रतिनिधियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए पंकज सहित उसके साथियों की तुरंत रिहाई की मांग की। सीएम ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए एसआईटी बनाने की बात कही। बाद में सोनीपत पुलिस कमिश्नर ममता सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया, जिसमें डीसीपी लोगेश कुमार और एसीपी प्रदीप नैन सदस्य होंगे। हालांकि अभी तक पुलिस विभाग की ओर से इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं आई है।

- डीसीपी लोगेश कुमार और एसीपी प्रदीप नैन भी एसआईटी में शामिल
- पंचायत में पंकज के पिता पूर्व बैंक चेयरमैन आनंद सिंह अहलावत और भाई भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने मांगा था न्याय


झज्जर। दिल्ली में सीएम नायब सिंह सैनी से मिलने पहुंचे खाप प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### डीघल में हुई थी अहलावत 27 खाप की महापंचायत

बीते वीरवार को हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़े गए गांव डीघल के युवक पंकज अहलावत के समर्थन में डीघल गांव में अहलावत 27 खाप की रविवार को महापंचायत हुई थी। महापंचायत की अध्यक्षता अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत ने की थी। महापंचायत में पंकज के पिता पूर्व बैंक चेयरमैन आनंद सिंह अहलावत और भाई भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने अपनी बात रखते हुए पंकज और साथियों को निर्दोष बताया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस अपनी गलती को छिपाने के लिए निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है।

### दो बार एनकाउंटर हुआ एक पुलिसकर्मी घायल

पुलिस के अनुसार, गुरुवार रात एक होटल में अवैध हथियार की सूचना पर पुलिस गई थी। वहां आरोपियों का जब पीछा किया तो पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली एएसआई प्रवीण को लगी, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद पुलिस की दूसरी टीम की इन्हीं आरोपियों से बेरी क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। यहां आरोपी पंकज अहलावत के पैर में पुलिस की गोली लगी। पंकज के साथ ही नितेश और रोहित को भी पकड़ा गया। वहीं, आरोपी पंकज के पिता आनंद अहलावत ने एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए कहा था कि उनका पूरा परिवार देश व समाज सेवा में लगा हुआ है। पंकज के पास हथियार लाइसेंसी था। वह कोई बदमाश नहीं है।

### रामपाल का पूर्व अनुयायी निकला आरोपी

## विधायक को धमकी देने का आरोपी कानपुर से गिरफ्तार, भेजा जेल

- विधायक कुलदीप वत्स के रामपाल की प्रशंसा करने से था नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स को धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम द्वारा आरोपी को कानपुर से गिरफ्तार किया है। एसीपी प्रदीप नैन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि तकनीकी संसाधनों और फील्ड इंटेलिजेंस के समन्वित उपयोग से आरोपी को कानपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान रामचंद्र यादव निवासी कानपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बीती 12 जनवरी को विधायक के मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी, जिसमें आरोपी ने अत्यंत अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि तकनीकी इनपुट्स के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकानों की पहचान की गई और कानपुर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया।


झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए एसीपी प्रदीप नैन।

### पहले भी केस दर्ज

उन्होंने बताया कि आरोपी वर्ष 2014 में रामपाल का अनुयायी बना था, लेकिन बाद में संगठन से अलग होकर उसके विरोध में सक्रिय हो गया। विधायक वत्स ने कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम में रामपाल की प्रशंसा की थी क्योंकि रामपाल समर्थकों ने किसानों की खेतों से पानी निकालने में मदद की थी। रामपाल की प्रशंसा करने पर ही आरोपी यादव नाराज था। आरोपी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आरोपियों ने दो बार 500-500 रुपये देकर झांसा में लिया

## टास्क के नाम पर 14 लाख की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साइबर क्राइम की एक टीम द्वारा 14 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि बीती 13 अप्रैल को उसके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। बातचीत के बाद उसे टेलीग्राम के माध्यम से एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। शुरुआत में आरोपियों ने विश्वास जीतने के लिए दो बार 500 रुपये और करीब 1000 रुपये का मुनाफा पीड़ित के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को बड़े निवेश पर ज्यादा लाभ का झांसा देकर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए और कुल मिलाकर 14 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया।


झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### बाड़मेर से पकड़े

शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस टीम द्वारा दो आरोपियों प्रवीन और जितेंद्र, निवासी शास्त्री नगर, बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे ठगों के झांसे में न आएं।

### कार चालक को डंडों से पीटा, शीशे तोड़े

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में कार सवार युवक के साथ वारदात हो गई। बाइकों पर सवार होकर आए युवकों ने कार से बाहर खींचकर उसके साथ मारपीट की और गाड़ी के शीशे तक तोड़ दिए। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। वारदात शास्त्री नगर लाइनपार के निवासी विकास के साथ हुई है। विकास का कहना है कि दोपहर को वह अपनी कार में सवार होकर परनाला फाटक से निजामपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए चार-पांच युवकों ने रास्ता रोक लिया। फिर गाड़ी की खिड़की खोली और खींचकर बाहर निकाल लिया। लात-घूसों और डंडों से हमला कर दिया। गाड़ी के शीशे तक तोड़ दिए। फिर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बरतने के निर्देश

## एसडीएम ने केएमपी एक्सप्रेस-वे से हटवाया अवैध अतिक्रमण

- अवैध अतिक्रमण से बना सड़क दुर्घटनाओं का भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर किए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को उपमंडल प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एचएसआईआईडीसी के कार्यकारी अभियंता और पुलिस विभाग की टीमों द्वारा यह संयुक्त अभियान चलाया गया। एसडीएम अभिनव सिवाच ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान केएमपी एक्सप्रेस-वे के आसपास सड़क किनारे किए गए अस्थायी निर्माण, अवैध ढांचे और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण को हटवाया गया। क्योंकि ऐसे अतिक्रमण न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित करते हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी बड़ा कारण बनते हैं। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि सरकार की सड़क सुरक्षा नीति के तहत सभी प्रमुख मार्गों को एक्सीडेंट फ्री बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आमजन भी सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने चेताया कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत महसूस करते हुए उम्मीद जताई है कि ऐसे अभियानों से सड़क हादसों में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु होगी।


बहादुरगढ़। केएमपी एक्सप्रेसवे पर अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने को किशोरियों को लगाएंगे टीका


झज्जर। एमओयू दिखाते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- एपीसीपीएल ने की एचपीवी टीकाकरण आधारित पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सीएसआर के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्टर की शुरुआत की गई है। जिले में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य किशोरियों को एक गंभीर लेकिन रोकी जा सकने वाली बीमारी से सुरक्षित करना है। इस पहल के अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की आयु तक की किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह आयु वर्ग एचपीवी टीकाकरण के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि एपीसीपीएल और एचएलएफपीपीटी के बीच एक एमओयू साइन किया गया है। जिस पर एपीसीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप काईबोरता तथा एचएलएफपीपीटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए।

### मैंगलोर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में म्हारा छोरा छाया

## विकास ने 1500 मीटर दौड़ 3 मिनट 44 सेकंड में पूरी कर जीता गोल्ड

डॉ. ललित भनोट अकेडमी में खिलाड़ी का किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डॉ. ललित भनोट अकेडमी के खिलाड़ी विकास बूरा ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स मैंगलोर में 1500 मीटर दौड़ 3 मिनट 44 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। वह कोच अजय राठी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भीम अवॉर्डी ओलंपियन कर्नल संत कुमार और भीम अवॉर्डी पूर्व एशियाड एथलीट चरण सिंह राठी ने विकास बूरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। पेरिस ओलंपिक टीम के कोच करण राठी ने विकास बूरा का अकेडमी में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सुनील कोच, संदीप कादयान, विवेक राठी, कृष्ण जून, नवीन छिल्लर, सौरभ मलिक व रोमी आदि ने विकास का मनोबल बढ़ाया।



बहादुरगढ़। विकास बूरा का स्वागत करते प्रशिक्षक व अन्य।

### स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में नैंशू ने जीता गोल्ड मेडल



**बहादुरगढ़।** हिसार में हुई इंटर कॉलेजिएट स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के गांव लोवा कलां का नैंशू मान छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए नैंशू पहलवान ने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से हिसार स्थित जीजीजे गवर्मेंट कॉलेज में 19 से 21 जनवरी तक इंटर कॉलेजिएट स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। गांव लोवा कलां के पूर्व सरपंच संदीप मान के पुत्र नैंशू मान ने भी जोर आजमाइश की। नैंशू ने 74 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी तमाम कुश्तियां जीतकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उसकी जीत से पिता संदीप मान, चाचा विक्रम मान सहित तमाम परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। वह ओलंपियन योगेश्वर दत्त की एकेडमी में अभ्यास करता है।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

## टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधरः द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकारों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी



***नई दिल्ली।** सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप

### मातन में खेत से मोटर चोरी, दी शिकायत

**बहादुरगढ़।** खेतों से मोटर चोरी होने के मामले नहीं थम रहे। अब गांव मातन में वारदात हो गई। यहां के निवासी रणबीर के खेतों से सोलर मोटर चोरी हुई है। सोमवार को वह खेतों में गए तो वारदात का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** गांव आसंडा में फ्लाईओवर के निकट सर्विस रोड पर कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने हादसे के लिए कैंटर चालक को जिम्मेदार ठहराया है। गत 17 जनवरी की सुबह वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए घर से निकला था। जब आसंडा में पहुंचा तो कैंटर ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने बेटे को सांपला के अस्पताल में भर्ती कराया।

### एलए स्कूल के विद्यार्थियों ने जीता गोल्ड मेडल

**झज्जर।** एलए सीनियर सैंकेडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मैथ ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि उनके स्कूल के छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने एक्सीलेंस गोल्ड मेडल प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए मैथ टीचर पिंकी अहलावत व सीमा कोडान के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### उद्योगों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई होगी : डीसी

**झज्जर।** उद्योगों से जुड़े मामलों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एकल खिड़की प्रणाली के तहत संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में ढांचागत सुविधाओं में सुधार, मूलभूत सुविधाओं में विस्तार, बिजली आपूर्ति, कानून व्यवस्था,विभागों द्वारा जारी की जाने वाली एनओसी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

### पिछले 12 वर्षों से इंसेंटिव नहीं बढ़ाए जाने पर रोष, 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का किया ऐलान

# सीएमओ कार्यालय पर गरजीं आशा वर्कर्स, जोरदार प्रदर्शन

सरकार द्वारा आशाओं पर बिना संसाधन दिए ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया जा रहा : किरण बहराणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन के बाद सीएमओ को ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर्स।

आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा मंगलवार को शहर के सेक्टर-6 स्थित सीएमओ कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में डिप्टी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता किरण बहराणा ने की जबकि संचालन पूनम द्वारा किया गया। किरण बहराणा ने बताया कि आशा वर्कर्स पूरे देश में इंसेंटिव बेस पर भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित मुहिम को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। पिछले 12 वर्षों से उनके इंसेंटिव नहीं बढ़ाए गए जबकि उनके कामों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। सरकार द्वारा आशाओं पर बिना संसाधन दिए ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो रही है। आगामी 12 फरवरी को ट्रेड यूनियन के आह्वान पर प्रदेश भर की आशा वर्कर्स हड़ताल पर रहेंगी और अपनी मांगों के लिए आवाज उठाएंगी।

#### आशा वर्कर्स की ये हैं प्रमुख मांगें

आशा वर्कर्स यूनियन की अध्यक्ष ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में जेएसवाई बीपीएल की गर्भवती महिलाओं के इंसेंटिव पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाए जाने, आशाओं के 73 दिन की हड़ताल के काटे गए मानदेय का भुगतान किया जाना, टुकड़ा दर पर भुगतान न किया जाना, निश्चित मूल मजदूरी बढ़ाना, निश्चित तिथि पर प्रतिमाह नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाना, 45वें सर्व सम्मेलन की सभी सिफारिश को लागू करना, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये, पेंशन 10 हजार रुपये तथा ग्रेजुएटी, पीएफ एवं सामाजिक सुरक्षा देने की मांग शामिल हैं। इस मौके पर मूर्ति, कौशल्या, नीलम, सुनीता, शर्मिला, निर्मला, मंजू, सुमन, पुष्पा व सुनीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। एडीसी को ज्ञापन सौंपते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी।

# लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भरी हुंकार , एडीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा बाल विकास, भारतीय मजदूर संघ एवं आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन द्वारा लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष छोटा गहलावत ने की। आंगनवाड़ी वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सरकारी विरोधी नारे लगाए। छोटा गहलावत ने बताया कि उनकी मांगों की तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। उनकी मुख्य मांगों में आंगनबाड़ी वर्कर्स को पचास प्रतिशत प्रमोशन में बिना शर्त के सीधा पदोन्नति का लाभ दिया जाए, सीएम द्वारा सितंबर 2018 में घोषित आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर की वेतन वृद्धि अभी तक लागू नहीं की, उसे लागू किया जाए, केंद्र सरकार द्वारा दिया जाने वाला मानदेय पिछले आठ माह से बकाया है उसे समय पर दिया जाए, पोषण ट्रैकर पर फेस कैपचरिंग वाले वर्जन को हटाया जाए, वर्कर्स व हेल्पर्स को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, हटाए गए कर्मचारियों को बहाल किया जाए, आंगनबाड़ी वर्कर्स को कुशल व अर्द्ध कुशल का लाभ दिया जाना शामिल है।

#### मांगें पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत उन्होंने एडीसी जगनिवास को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यख सुरेंद्र सुहाग, जिला मंत्री धीरज जाखड़, सुरेंद्र भारद्वाज, सरस्वती, सुनीता देवी, पंकज गुलिया, सुमित राठी, सुनीता, राजेश, प्रतिभा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। प्रदेश उपाध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि।

### विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने का मजबूत कदम है जी रामजी : नांदल

**झज्जर।** विकसित भारत जी रामजी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कमलम जिला पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि सतीश नांदल ने कहा कि यह अभियान विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है जो ग्रामीण अंचल में स्वरोजगार, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति देगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सरकार की योजनाओं की सही जानकारी आम नागरिक तक पहुंचाएं और पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने बताया कि आगामी समय में इस अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि संगठन के हर स्तर के कार्यकर्ताओं को अभियान की विस्तृत जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले के पांच बड़े गांवों में सम्मेनल का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, सुनीता चौहान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# झज्जर में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की गई जान



झज्जर। ट्रक चालक की मौत मामले में पोस्टमार्टम के दौरान कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें से दो लोगों की पहचान होने के कारण पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जबकि एक युवक की पहचान न होने के कारण उसका शव पहचान के लिए आगामी 72 घंटों तक स्थानीय नागरिक अस्पतात के शवगृह में रखवाया गया है।

#### हादसा 1 ट्रक में ड्राइवर मिला मृत

एनटीपीसी झाड़ली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय राजवीर पुत्र रतीराम निवासी गांव करौड़ा जिला कैथल के तौर पर हुई है। राजवीर ट्रक ड्राईवर था और झाड़ली क्षेत्र की एक कंपनी में गाड़ी लोड करने पहुंचा था। उसका नंबर आने में देर थी तो वह ट्रक को एक होटल के साथ खड़ा करके उसमें सो गया। मामले के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि वह सुबह ट्रक में मृत पाया गया। प्रथम दृष्ट्या मामला हार्ट फेल का प्रतीत होता है। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### हादसा 2 कोका रेलवे फाटक पर कार ने रौंदा

कुकलकुलाना क्षेत्र के गांव कोका के रेलवे फाटक के नजदीक एक तेज रफ्तार गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार एक निजी कंपनी के कर्मचारी को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के गांव काकड़ौली हट्टी निवासी करीब 34 वर्षीय आशीष पुत्र राजपाल के तौर पर हुई है। वह कुलाना के एक वेयरहाउस में कार्यरत था। यह हादसा उस समय हुआ जब राजपाल अपनी ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जैसे ही कोका फाटक के नजदीक पहुंचा तो एक गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतक के ममेरे भाई पवन की शिकायत पर संबंधित गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

#### हादसा 3 जहांगीरपुर क्षेत्र मिला शव

के गांव जहांगीरपुर के बस स्टैंड के नजदीक सड़क किनारे एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी विकास ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि उसकी मौत किसी वाहन की चपेट में आने से हुई है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। देखने में शव करीब तीस वर्षीय प्रवासी युवक का लगता है। उसकी गर्दन पर एम तथा स्टार का टैटू गुदा हुआ है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को शिनाख्त के लिए आगामी 72 घंटों तक नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।

### बहादुरगढ़ में दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मौत

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बादली के पास दो ट्रकों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक चालक की पत्नी की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान भूपेंद्र के रूप में हुई है। भूपेंद्र मूलतः उत्तर प्रदेश से था और फिलहाल मानेसर में परिवार सहित रह रहा था। गुरुग्राम की एक कंपनी में ट्रक चलाता था। जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी की रात को भूपेंद्र गाड़ी लेकर केएमपी के रास्ते खरखोदा के लिए चला। रात करीब 9 बजे फरुखनगर-बादली बॉर्डर से करीब दो किलोमीटर बढ़ा ही था कि आगे चल रहे एक ट्रक ने एकाएक ब्रेक लगा दिए। इससे भूपेंद्र अपने ट्रक को नहीं संभाला सका और आगे वाले ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में उसके पेट में गुम चोट आई। तब दोनों पक्षों में समझौते की बात शुरू हुई। भूपेंद्र की पत्नी उसे घर ले गई। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। फिर मानेसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से एक बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करती संगीता वर्मा व अन्य।

### त्रिवेणी स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों का किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उनकी मेहनत व उज्ज्वल भविष्य निर्माण में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल निदेशका संगीता वर्मा, उप निदेशिका सुमित्रा महला तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफियां व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मोनिका राठी, कमलेश गुप्ता व मंजू कुमारी को विभिन्न श्रेणियों के आधार पर श्रेष्ठ शिक्षक अवॉर्ड प्रदान किया गया। संगीता वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं तो बच्चे राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के मनोबल को बढ़ाने और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया।

# आठवां वेतन आयोग तुरंत लागू करने की मांग

- रिटायर्ड कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। मीटिंग में उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा पुराना जलघर परिसर में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्र यादव द्वारा किया गया। मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की लंबित मांगों पर चर्चा की गई। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि लगातार संघर्ष के बावजूद सरकार द्वारा उनकी मांगों के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा। उनकी मुख्य मांगों में मेडिकल कैशलेस, कम्यूटेशन की राशि 10 साल आठ महीने में पूरी हो जाती है लेकिन सरकार उसे 15 वर्ष तक काट रही है जो गलत है। 65 वर्ष की आयु होने पर रिटायर्ड कर्मचारी की पेंशन में 10 प्रतिशत व 75 वर्ष के पश्चात 20 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना, विधवा को एलटीसी दिए जाना, 18 महीने का डीए व एरियर दिया जाना, आठवां वेतन आयोग तुरंत लागू करना शामिल है। इसके अलावा आगामी 22 व 23 फरवरी को कुरुक्षेत्र में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने को लेकर भी रणनीति बनाई गई।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंगतराम कौशिक, एडवोकेट सूरज कौर, प्रांतीय प्रधान चंद्रभान शर्मा, बलबीर यादव, धर्मवीर, राम सिंह सुहाग, जगमाल यादव, नाहर सिंह यादव, सतवीर कादियान, ओमप्रकाश, रमेश जाखड़, राजवीर राहड़, सुरेंद्र शर्मा, सूरजवीर, मास्टर फूल कुमार, बलबीर कौर, गोपीराम, दलीप रावत, राजवीर दलाल, लीलूराम, राजेंद्र प्रसाद, मास्टर सोमवीर, धर्मचंद, जगत नारायण, करतार सिंह, धर्म चंद, जगत नारायण, करतार सिंह, कुड़ी राम, धर्मपाल अहलावत, जगबीर गिरदावर, ओमप्रकाश पूनिया, जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। आसौदा में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सम्मानित करते ग्रामीण।

### अधिकारियों को आसौदा पंचायत ने किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** बीते मानसून सीजन के दौरान कृषि फसलों को सुरक्षित रखने में किए गए प्रभावी प्रयासों के लिए गांव आसौदा की पंचायत ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीओ धीरज दुहन, जेई प्रवीन और जेई विजय को सम्मानित किया गया। मंगलवार को हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राज्य में औसत से अधिक वर्षा के बावजूद बाढ़ एवं जलभराव नियंत्रण के तहत सिंचाई विभाग की टीम द्वारा समय पर किए गए प्रभावी उपायों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि मानसून के चरम समय में पंपों, ड्रेनों एवं बाढ़ नियंत्रण प्रणालियों के सक्रिय संचालन से उनकी बहुमूल्य कृषि उपज की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। एसडीओ धीरज दुहन ने इस सम्मान के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस जिम्मेदार कार्यशैली को आगे भी बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर बढ़ी सुरक्षा

# ट्रेनों के अंदर यात्रियों के सामान को किया चेक

- झज्जर, डीघल व माछरौली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, अब निरंतर जारी रहेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जीआरपी अलर्ट मोड में है। रेलवे पुलिस कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, सवारी रेलगाड़ी तथा स्टेशन पर पहुंचने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

जीआरपी चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि एसपी नितिका गहलोत के निर्देशानुसार रेलवे पुलिस द्वारा रेलगाड़ियों, रेलवे स्टेशन व रेलवे द्वार पर कर्मियों की तैनाती कर स्टेशन पर पहुंचने वाले वाहनों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार से शुरू किए गए चेकिंग अभियान के अंतर्गत जहां झज्जर, डीघल व माछरौली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। वहीं स्टेशन पर ठहरने वाली सभी सवारी गाड़ियों की बोगियों की भी बारीकी से जांच की गई। उन्होंने बताया कि उनकी टीम में कांस्टेबल विकास, आकाश व सिपाही सुनील आदि ने जांच के दौरान यात्रियों से आह्वान किया कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध या लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो वे तुरंत रेलवे अधिकारी को इसकी सूचना दें। यह अभियान बुधवार को भी जारी रहेगा। जीआरपी की चेकिंग से यात्रियों में मची रही खलबली।



झज्जर। रेल की बोगी में जांच करते हुए रेलवे पुलिसकर्मी।



झज्जर। यात्रियों के सामान की जांच करते हुए रेलवे पुलिसकर्मी।

# गणतंत्र दिवस पर पुख्ता सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे करवा रहे दुरुस्त

- 172 में से 20 कैमरों को ठीक करवाने के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकस है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर में विभिन्न चौक चौराहों पर लगे कैमरों को दुरुस्त किया जा रहा है। झज्जर चुंगी से गायब हुए कैमरों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस ने कहा कि कैमरों को मरम्मत के लिए भेजा गया है। ठीक होते ही पुनः लगा दिए जाएंगे।

दरअसल, शहर में सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की ओर से बीसीसीआई के सहयोग से विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगवाए गए थे। सिटी सर्विलांस के तहत इनका कंट्रोल रूम सिटी थाने में बनाया गया है। झज्जर मोड़, लाल चौक, बादली चुंगी, झज्जर चुंगी सहित विभिन्न चौकों पर लगभग 172 कैमरे लगे हुए हैं। इन कैमरों के जरिये शहर की निगरानी की जा रही है। विभिन्न वारदातों को सुलझाने में इन कैमरों से पुलिस को काफी मदद मिली है, लेकिन अक्सर बिजली के उतार-चढ़ाव व इंटरनेट आदि कमियों के कारण इनमें खराबी आ जाती है।

#### झज्जर चुंगी से हटे थे कैमरे



अगर बात करें तो खराबी को दूर करने के लिए मॉनिटरिंग टीम लगातार इनकी जांच करती है। झज्जर चुंगी पर भी छह कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से चार कैमरे बीते कुछ दिनों से गायब थे। मामले में अब सामने आया है कि इन कैमरों को मरम्मत के लिए उतारा गया है। इंचार्ज योगेश ने बताया कि शहर की सुरक्षा में ये सीसीटीवी बेहद कारगार साबित हो रहे हैं। इनके जरिये कई आपराधिक वारदातों को सुलझाने में मदद मिली है। समय समय पर इनकी मेंटेनेंस कराई जा रही है। बिजली व फाइबर आदि कारणों से हाल ही में खराब हुए लगभग 20 कैमरों की फिलहाल मरम्मत चल रही है। ठीक होने के बाद इन्हें तुरंत लगा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पौधरोपण करते डीसीपी मयंक मिश्रा। फोटो :हरिभूमि

### डीसीपी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में पेड़-पौधों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान झज्जर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह न केवल स्वास्थ्य बल्कि पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों को प्रशासन और पुलिस हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

### वोटर डे पर दिलाई जाएगी मतदाता जागरूकता शपथ

**झज्जर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 25 जनवरी को जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मतदान केंद्र से लेकर खंड, विधानसभा एवं जिला स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि मतदाता दिवस का उद्देश्य आमजन को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा मतदान के प्रति जागरूक करना है। इसके तहत जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

### कच्चा बाग में मकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर के कच्चा बाग में मकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। विशाल का कहना है कि 18 जनवरी की रात को उसने मकान के बाहर बाइक खड़ी की थी। सोमवार की सुबह देखा तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। उधर, सिटी थाना पुलिस ने कसे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 92वीं एसबीए नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप का आयोजन

# रनरअप आदित्य मेहता को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

जूनियर वर्ग में तमिलनाडु, महाराष्ट्र व कर्नाटक के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

92वीं एसबीए नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के दौरान रोमांचक हुए सीनियर स्नूकर फाइनल्स में कौशल, धैर्य और सटीकता का बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एसबीए की डायरेक्टर मनीषा शर्मा ने रनरअप आदित्य मेहता को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया।

बहादुरगढ़ की एचएल सिटी की शाइनिंग स्टार एकेडमी में हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन ऑफ हरियाणा ने बीएसएफआई और साई के तत्वावधान में किया। देश के शीर्ष खिलाड़ी, अनुभवी चैंपियन और उभरती प्रतिभाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। टाइटल स्पॉन्सर शर्मा बिलियर्ड एक्सेसरीज की डायरेक्टर मनीषा शर्मा ने आयोजन स्थल, सेट-अप, खिलाड़ियों, अधिकारियों, रेफरी, दर्शकों की खूब सराहना की। जूनियर वर्ग में तमिलनाडु, महाराष्ट्र व कर्नाटक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता का परिचय दिया। जूनियर स्नूकर बॉयज के क्वार्टर फाइनल में अब्दुल सैफ (तमिलनाडु) ने लक्ष्मीनारायणन (तमिलनाडु) को 4–0 से हराया। आरव संचेती (महाराष्ट्र) ने अवद बासर (महाराष्ट्र) को 4–1 से हराया। राहुल विलियम्स (तमिलनाडु) ने मयंक कार्तिक (कर्नाटक) को 4–2 से हराया। जैबेज नवीन कुमार (तमिलनाडु) ने मयूर गर्ग (आरएसपीबी) को 4–3 से हराया।



बहादुरगढ़। आदित्य मेहता को ट्रॉफी देती एसबीए डायरेक्टर मनीषा शर्मा।

### बुजुर्गों की दौड़ में बलवान और सुखबीर जीते

**बहादुरगढ़।** गांव मातन में स्वर्गीय मुख्याध्यापक खजान सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति खेलकूद प्रतियोगिता एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उनकी समाधि स्थल पर आयोजित प्रतियोगिता में बुजुर्गों व महिलाओं के साथ बच्चों ने हिस्सा लिया। समाज कल्याण युवा समिति के अध्यक्ष ब्रह्मजीत सिंह दलाल द्वारा गांव के बुजुर्गों और महिलाओं को सम्मानित किया गया। खेलकूल के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों की दौड़ में बलवान सिंह पहले नंबर रहे, जबकि सुखबीर दूसरे स्थान पर रहे। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का महिलाओं ने खूब आनंद उठाया। ऋतु रानी प्रथम और किरण द्वितीय रही। सरपंच विनोद सहवाग, कैप्टन जीत सिंह, मास्टर रणधीर खरमाण, संजय मास्टर, जिले सिंह गुलिया, अनिल लगरपुर, जिले सिंह इस्माइला, जगबीर माजरा, पहलवान रणधीर मातन, राजकुमार माजरा, होशियार सिंह बाकनेर, प्रेम मातन, रामप्रसाद दलाल, रामेश्वर दलाल, आर्य रामकंवार, बने सिंह व सतीश आदि ने स्व. मुख्याध्यापक खजान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज कल्याण युवा समिति के अध्यक्ष ब्रह्मजीत दलाल ने बताया कि महिलाओं और बुजुर्गों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन से दूसरों को भी फिट रहने का प्रोत्साहन मिला। दलाल के अनुसार बढ़ती उम्र में भी सेहत के प्रति जागरुक करने के लिए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



# कॉमनवेल्थ गेम्स में हरियाणा को बनाएं सह मेजबान : दीपेंद्र



बहादुरगढ़। सांसद दीपेंद्र हुड्डा व पूर्व विधायक राजेंद्र जून का स्वागत करते ग्रामीण।

- हरियाणा को खेलो इंडिया में सबसे कम बजट दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को गांव आसौदा समेत बहादुरगढ़ के कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने हरियाणा की खेल प्रतिभाओं का हवाला देते हुए कॉमनवेल्थ खेल 2030 के आयोजन में हरियाणा को गुजरात के साथ सह मेजबान बनाने की मांग की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलंपिक्स में देश के लिए 50 प्रतिशत मेडल जीतकर लाते हैं। जबकि बीजेपी सरकार ने इसे नजरअंदाज करते हुए कॉमनवेल्थ खेल 2030 के आयोजन की मेजबानी गुजरात को दे दी। सरकार ने ओलंपिक 2036 को भी गुजरात में कराने के लिए आधिकारिक बोली पेश करने की घोषणा की है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कॉमनवेल्थ खेल 2030 व ओलंपिक 2036 के लिए हरियाणा को सह-मेजबान राज्य बनाया जाए। साथ ही राज्य के खेल ढांचे में निवेश के लिए पर्याप्त बजट दिया जाए। कॉमनवेल्थ खेल 2030 की मेजबानी गुजरात को मिलने से अब लाखों करोड़ का निवेश अहमदाबाद में होगा, वहां खेल का ढांचा तैयार होगा। अगर हरियाणा को सह-मेजबान राज्य बनाया जाए तो खेल का ढांचा, स्टेडियम और डेवलपमेंट पर लाखों करोड़ रुपये खर्च हरियाणा में होगा। हुड्डा ने यह भी कहा कि हरियाणा को खेलो इंडिया में सबसे कम बजट दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में बने स्टेडियम की रिपेयर या अपग्रेड करना तो दूर इनमें स्पोर्ट्स इक्विपमेंट का भी अभाव बना हुआ है। इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र जून भी मौजूद रहे।

# एचआईवी के खिलाफ बनाए पोस्टर व स्लोगन



बहादुरगढ़। पोस्टर व स्लोगन तैयार करती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि 12 से 25 जनवरी तक मनाए जाने वाले पाक्षिक एचआईवी एड्स जागरुकता अभियान के तहत यह गतिविधियां हो रही हैं। कॉलेज की रेडक्रॉस इकाई ने पोस्टर व स्लोगन बनाकर एचआईवी के कारण व बचाव के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। रेड रिबन व रेडक्रॉस इकाई प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि भले ही इसका कोई स्थाई इलाज नहीं है, मगर जागरुकता से बचा जा सकता है। इस वायरस के फैलने के मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का इस्तेमाल और संक्रमित रक्त आदि है। इन कारणों से सचेत रहकर ही हम इसे फैलने से रोक सकते हैं।

# साइबर सुरक्षा पर भाषण स्पर्धा में प्रियंका रही प्रथम

**बहादुरग।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के दिशा-निर्देशन में एनएसएस इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय, ज्योति एवं ईशा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तनु एवं प्रिया दलाल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अन्नू शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। एनएसएस गीत, वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। एएसआई सरला देवी ने विस्तृत एवं जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा डिजिटल सतर्कता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने स्वयंसेविकाओं को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने टेबल टेनिस, लूडो, बैडमिंटन आदि खेलों में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली।




बहादुरगढ़। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाई रंगोली देखती प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# जीके ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित जीके ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

आरईडी स्कूल में मंगलवार को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों की जानकारी देते हुए उन्हें नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने वीवीएम लेवल 2 में नेशनल लेवल पर चयनित होने पर छठी कक्षा के मयूर एवं सातवीं कक्षा की छात्रा खुशी को बधाई दी। इस दौरान जीके ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्या गीता गाबा ने विद्यार्थियों को विद्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी।

### वाहन चालकों को नियमों के प्रति किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** उप निरीक्षक सत्य प्रकाश के नेतृत्व में झज्जर पुलिस ने केएमपी एक्सप्रेसवे स्थित आसौदा टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और दुर्घटनाग्रस्तों की सहायता को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों में लगी स्क्रीन के माध्यम से वीडियो क्लिप दिखाकर आमजन को महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत डायल 112 पर सूचना देना जरूरी है, जिससे समय पर पुलिस व आपात सेवाएं पहुंच सकें और घायलों की जान बचाई जा सके। अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, ओवरस्पीड से बचने, नशे में वाहन न चलाने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नशा मुक्त समाज का संदेश देते हुए पुलिस ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### एड्स पर जागरूकता के लिए नेल आर्ट बनाकर प्रथम रही सुहाना



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में बनाए नेल आर्ट दिखातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

*बहादुरगढ़। मंगलवार को गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में नेल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ व वाईआरसी के संयुक्त तत्वाधान में हुई प्रतियोगिता में छात्राओं ने नेल आर्ट के माध्यम से एचआईवी को लेकर जागरूक किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. सविता ने छात्राओं को एड्स के बारे में जानकारी दी। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुहाना प्रथम स्थान, विनती दूसरे स्थान पर व बीए द्वितीय वर्ष की जयललिता तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में अनिता दलाल, मंजू मलिक व मोनिका शामिल रही।*

# वाल्मीकि चौपाल के लिए 30 लाख रुपये का बजट देने की घोषणा

*विधायक ने गांव कसार टांडाहेड़ी व सराय में किया जनसंपर्क*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून द्वारा गांव कसार, टांडाहेड़ी व सराय में वार्षिक जनसंपर्क अभियान के तहत गांववासियों से सीधा संवाद किया गया। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत व सम्मान किया। राजेश जून ने तीनों गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को पिछले एक वर्ष में बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही गांवों मौजूदा समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

कसार के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव के प्राइमरी स्कूल के लिए नई बिल्डिंग निर्माण, बिजली की पुरानी तारों को बदलवाने तथा जलघर में वाटर स्टोरेज टैंक बनवाने की मांग रखी। राजेश जून ने सभी मांगों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने कसार गांव में वाल्मीकि चौपाल के लिए 30 लाख रुपये का बजट देने की घोषणा की। गांव टांडाहेड़ी व सराय औरंगाबाद में ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष जल निकासी की समस्या, पेयजल समस्या, बिजली की पुरानी तारों को हटाकर नई तारे लगवाने, बिजली के खंभे लगवाने आदि की मांग रखी। राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सैनी के आशीर्वाद से बीते एक वर्ष में बहादुरगढ़ हलके में सड़क, बिजली, पेयजल, सीवरेज, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को विकास कार्यों की जानकारी देते राजेश जून।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मौके पर नरेश छिकारा, मास्टर टेकराम, राकेश, पप्पू, सुरेश, सुनील छिकारा, जस्सी जून, अजय शेखावत, अजीत व लोकेश खरब आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को नशे, फास्ट फूड, जंक फूड एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया

# जसौरखेड़ी में योग के साथ राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई

स्वस्थ और शक्तिशाली जीवन के लिए शुद्ध, सात्विक एवं संतुलित भोजन आवश्यक है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

गांव जसौर खेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग के सान्निध्य में निःशुल्क योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य कर्मवीर सिंह ने की। शिविर में सुनैना, अरुणा, रजनी, जसवंती, नीलम, हरिओम आर्य, राजेश कुमार, संदीप कुमार, मंजू सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। योगाचार्य जगदीश कुमार ने विद्यार्थियों को नशे, फास्ट फूड, जंक फूड एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और शक्तिशाली जीवन के लिए शुद्ध, सात्विक एवं संतुलित भोजन आवश्यक है। योगाचार्य ने विद्यार्थियों को व्यायाम, स्वाध्याय और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, प्रकृति संरक्षण और शिक्षा के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूक, निर्भय व जिम्मेदार नागरिक बनकर ही राष्ट्र की प्रगति में योगदान दिया जा सकता है।



बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी स्कूल में योगाभ्यास कराते जगदीश कुमार सहवाग। फोटो : हरिभूमि

- योगाचार्य ने विद्यार्थियों को व्यायाम, स्वाध्याय और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी